# सेंट मारग्रेट सी.सै. स्कूल

डी. ब्लॉक, प्रशांत विहार, दिल्ली-110085

**SAMPLE PAPER**

समय : **2 ½** घंटे | विषय - हिन्दी | अंक **: 60**

कक्षा – छठी

**सामान्य निर्देश :-**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

* इस पश्न पत्र में दो खंड हैं, 'अ' और 'ब' ।
* दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खंड-अ (बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्र-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए। (1x15)

(1) वह बहुत तेज-तेज बोलता है। - रेखांकित शब्द का क्रिया विशेषण भेद बताएँ।

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) स्थानवाचक

(2) प्रश्नवाचक सर्वनाम शब्द से वाक्य पूरा कीजिए :- बच्चे ---------- खा रहे हैं।

(क) वह (ख) क्या (ग) कौन (घ) उसका

(3) मेरे घर ------- पार्क है। संबंध बोधक से वाक्य पूरा कीजिए। ।

(क) के पास (ख) ऊपर (ग) नीचे (घ) बाहर

(4) निम्नलिखित वाक्य के लिए उचित विस्मयादि बोधक चुनिए :

--------- कितना सुंदर दृश्य है?

(क) उफ (ख) वाह (ग) शाबाश (घ) हाय

(5) 'बीमारी' शब्द का संज्ञा भेद चुनिए :-

(क) व्यक्ति वाचक (ख) भाव वाचक (ग) जाति वाचक (घ) द्रव्य वाचक

(6) निषेध वाचक भेद का वाक्य चुनिए।

(क) बच्चे खेल रहे हैं (ख) गीता खाना नहीं खाती है

(ग) क्या मोहन आया है (घ) शायद पिता जी आएंगे।

(7) रेखांकित विशेषण का भेद बताइए-

राम बहुत <u>मोटा</u> है

(क) गुण वाचक (ख) संख्या वाचक (ग) परिमाण वाचक (घ) संकेत वाचक

(8) 'कर्ण ' शब्द का तद्भव रूप चुनिए –

(क) कुआँ (ख) कान (ग) दूध (घ) सूरज

(9) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए - जैसे ही मैंने उसको काम करने के लिए दिया उसकी ------ पड़ गए ।

(क) अक्ल का पत्थर (ख) आग बबूला (ग) ईद का (घ) गुस्सा

(10) वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द चुनिए -

(क) परमातमा (ख) परमात्मा (ग) परोमातमा (घ) परमत्मा

(11) 'सु' उपसर्ग युक्त सही शब्द चुनिए -

(क) सुपुत्र (ख) सुपोध (ग) सफल (घ) सोबक

(12) वाक्य हेतु उचित विराम चिह्न चुनिए - राम मोहन और सोहन खेल रहे हैं

(क) (?) (ख) (।) (ग) ( , ) (घ) (;)

(13) हिंदी दिवस ------को मनाया जाता है

(क) 12 सितंबर (ख) 13 सितंबर (ग) 14 सितंबर (घ) 5 सितंबर

14) 'पीड़ा' शब्द का उचित अर्थ क्या है?

(क) तकलीफ (ख) उदासी (ग) खुशी (घ) प्रसन्नता

(15) दिए गए उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए :-

श्यामा दोनों हाथों से -------पकड़े हुए थे।

(क) कुर्सी (ख) स्टूल (ग) घोंसला (घ) खाना

**(अपठित गदयांश)**

प्र-2 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए। (5x1=5)

पड़ोस का जीवन भी सामाजिक जीवन की पारस्परिक निर्भरता को स्पष्ट करता है। एक घर की गंदगी अस्वच्छ आदतें पड़ोस में रहने वाले अन्य व्यक्तियों में रोग फैला सकती है। जोर से बजते हुए रेडियो की आवाज, पड़ोस में रहने वाले घरों के लिए समस्या बन सकती है। हम समाज में रगते हैं। इसीलिए हमारा कर्तव्य है की हम अपने क्षेत्र को साफ रखें। बसों में चढ़ने के लिए लाइन में खड़े होने की कोशिश करें। निजी और सामाजिक जीवन को अलग करना कठिन होता है। रेडियो को सुनना जो आपकी निजी संपत्ति है। सामाजिक जीवन में सहनशीलता की आवश्यकता होती है।

(1) पडोसी किसे कहते हैं?

(क) जो घर के पास रहते हैं (ख) जो घर से दूर रहते हैं

(ग) जो दूसरे शहर रहते हैं (घ) जो दूसरी गली में रहते हैं

(2) हमारी कौन से बातें पड़ोसी के लिए समस्या बन जाती हैं?

(क) घर की सफाई (ख) रेडियो की आवाजें

(ग) सहयोग करना (घ) उनका कार्य करना

(3) हमारा कर्तव्य क्या है?

(क) क्षेत्र को गंदा करना (ख) क्षेत्र को साफ रखना

(ग) कूड़ा फैंकना (घ) लड़ाई करना

(4) बसों में चढ़ने के लिए क्या करना चाहिए?

(क) लाइन में खड़ा होना (ख) लाइन तोड़ना

(ग) बसों को तोड़ना (घ) धक्का देना

(5) हमारी निजी संपत्ति क्या है?

(क) रेडियो सुनना (ख) शोर करना

(ग) लोगों को तंग करना (घ) कूड़ा फैलाना

**प्र-3** निम्नलिखित पठित गदयांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5x1=5)

भोजपुरी में करीब तीस-चालीस बरसों से विदेसिया का प्रचार हुआ है। गाने वाले के अनेक समूह इन्हें गाते हुए देहात में घुमते हैं। बिहार में विदेसिया से बढ़कर दुसरे गाने लोकप्रिय नहीं हैं। इन गीतों में अधिकतर रसिक प्रियों की बात रहती है। परदेशी प्रेमी की और इनसे करुणा और विरह का रस बरसता है। जंगल की जातियों के दल गीत होते हैं। पुरुष एक ओर स्त्रियां दूसरी ओर एक दूसरे के जवाब के रूप में गीत गाते हैं।

(1) विदेसिया का प्रचार कब हुआ है?

(2) गाने वाले का समूह कहाँ घूमता है?

(3) गीतों में अधिकतर किसकी बात रहती है?

(4) इन गीतों में किनका रस होता है?

(5) जंगल में किनके गीत होते हैं?

**प्र-4** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (5x1=5)

पुर ते निकसी रघुबीर-बधू,
धरि धीर दये मर्ग में डग है।
झलक भरि भाल कनी जल की,
पुट सूखि गये मधुराधर वै॥
फिरि बूझति हैं-"चलनो अब केतिक,
पर्णकुटी करिहौ कित है?" तिय की लखि आतुरता पिय की
अँखिया अति चारु चलीं जलच्वै॥

(1) प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं?

(2) नगर से बाहर निकलकर सीता को क्या महसूस हो रहा था?

(3) सीता बेचैन क्यों हो गई?

(4) पर्णकुटी किससे बनाई जाती है?

(5) श्री राम की आँखों में आँसू क्यों आ गए?

## खंड-ब

**प्र-5** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (3+3=6)

(1) केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या अनुमान लगाए?

(2) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने क्या काम करवाया?

(3) दुनिया का पुराना हाल बताने वाली कौन सी चीजें हैं?

प्र-6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से दीजिए। (4)

आश्रम में गाँधी जी ऐसे कई काम करते थे जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते थे? उन्हें विस्तार से बताइए।

अथवा

पूरे सारे देश के अपने-अपने विद्यापति हैं" इस वाक्य का क्या अर्थ है? विस्तार से बताइए।

प्र-7 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(1) मेरा प्रिय विद्यालय

(2) त्योहारों का महत्व

(3) दिल्ली में बढ़ते ट्रैफिक की समस्या

प्र-8 अपने छोटे भाई को पढाई का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए। (5)

या

विद्यालय में पानी की उचित व्यवस्था के लिए अपनी प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्र-9 अपने किसी भी खाद्य पदार्थ के लिए एक सुंदर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

प्र-10 निम्नांकित चित्र को देखकर (80-100) शब्दों में उसका वर्णन कीजिए। (5)

